रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 129] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 25, 2000/आश्विन 3, 1922

No. 129] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 25, 2000/ASVINA 3, 1922

दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया

(कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अधीन)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 सितम्बर, 2000

फा. सं. 104/28/लेखा.

परिषद की रिपोर्ट

प्रस्तावना

कंपनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18 की उपधारा (5) के अनुसरण में दि इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज की परिषद 31 मार्च 2000 की 20वीं वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों का परीक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज की लेखापरीक्षक रिपोर्ट प्रकाशित करती है।

समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट ने तेजी से बदल रहे परिदृश्य में उभरती चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए नई सहस्राब्दी मे पक्के भरोसे से प्रवेश किया है। बीता वर्ष इंस्टीट्यूट के लिए एक और घटनापूर्ण वर्ष रहा। ह्रासोन्मुख अर्थव्यवस्था, रोजगार में मन्दी की स्थिति और विद्यार्थियों के पंजीकरण में धीरे-धीरे गिरावट के बावजूद इंस्टीट्यूट ने अपनी गतिविधियों में श्रेष्ठता प्राप्त करने की कोशिश जारी रखी। व्यवसाय को और अधिक स्पष्ट रूप देने, इंस्टीट्यूट के सदस्यों द्वारा की जा रही सेवाओं को और अधिक मान्यता दिलाने तथा व्यवस्था को और मजबूत नींव पर खडा करने के प्रयास भी जारी रखे। इंस्टीट्यूट ने समीक्षाधीन वर्ष में मुख्यालय, क्षेत्रीय परिषदो और शाखाओ में पूरे वर्ष विभिन्न प्रकार के कार्यकलाप और विकास कार्य अपने हाथ में लिए ताकि आज के विद्यार्थी जो कल हमारे सदस्य होंगे, वे अधिक सुरक्षित हो सकें और अपने लिए अपना विशेष स्थान बना सकें। कुछ महत्त्वपूर्ण नई घटनाओं का उल्लेख नीचे के पैराग्राफों में किया गया है।

2 नई घटनाएं

2.1 कम्पनी (दूसरा संशोधन) विधेयक 1999 की प्रस्तुति

कम्पनी सचिवों के व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष के दौरान एक महत्त्वपूर्ण और विवेचना घटना कम्पनी (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1999 को 23 दिसम्बर 1999 को लोक सभा में पेश किया गया। इनमें सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण विधेयक के खण्ड 165 से सम्बन्धित है, जिसमें प्रावधान है कि ऐसी कोई भी कम्पनी जिसे धारा 383 क की उपधारा (1) के अन्तर्गत पूर्णकालिक सचिव नियुक्त करना आवश्यक नहीं है और जिसकी प्रदत्त शेयर पूंजी दस लाख रूपए या इससे अधिक की है, उसे पूर्णकालिक प्रेक्टिसरत सचिव से ऐसे फार्म में और समय में इस बारे मे एक प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार को फाइल करना होगा और इसके लिए निर्धारित शर्तों को मानना होगा कि इस कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम के सभी प्रावधानो का अनुपालन किया है या नही।

इंस्टीट्यूट ने 26 फरवरी 2000 को कम्पनी विधेयक और निगम शासन पर एक विचार गोष्ठि का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन डॉ0 पी एल सजीव रेड्डी, सचिव, कम्पनी कार्य विभाग ने किया। इंस्टीट्यूट की क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओ ने भी कम्पनी (दूसरा सशोधन) विधेयक, 1999 पर कुछ विचार गोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित कीं। इन विचार गोष्ठियों/कार्यशालाओ में कुछ सुझाव मिले। इंस्टीट्यूट ने भी उक्त विधेयक पर अपने विचार और सुझाव सीधे भेजे, जिन्हें सरकार के पास विचारार्थ भेज दिया गया।

2.2 भावी योजना समूह की रिपोर्ट

परिषद ने मार्च 1996 मे भावी योजना समूह (पी पी जी) का गठन इस उद्देश्य से किया कि सरकार द्वारा अपनाई गई उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति और विश्व व्यापार सगठन के कारण व्यापार के बदलते परिदृश्य एवं इस उभरते निगम पर्यावरण मे कम्पनी सचिवों की भूमिका के अनुरूप 1989–91 मे तैयार की गई भावी योजना की समीक्षा की जाए और अद्यतन बनाया जाए, इस समूह ने अपनी रिपोर्ट अगस्त 1999 में प्रस्तुत कर दी।

इस समूह में जो सुझाव दिए, वे इस प्रकार हैं – प्रवेश आवश्यकताओं को कडा किया जाए, नई सहस्राब्दि की चुनौतियों के लिए सदस्यो को मुस्तैद बनाने के लिए नए पाठ्यक्रम अपनाए जाएं, परीक्षा स्तर को ऊचा उठाया जाए, व्यावहारिक प्रशिक्षण के पेटर्न, विधियों और विषय सूची को सुदृढ़ किया जाए, कुशलताओं को निरन्तर ऊंचा उठाया जाए तथा व्यावसायिक विकास एवं अनवरत शिक्षा कार्यक्रमो मे सदस्यो के लिए उपस्थिति अनिवार्य बना कर उनके ज्ञान को अद्यतन किया जाए, सदस्यों की विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यावसायिक विकास तथा अनवरत शिक्षा कार्यक्रमों का ढाचा तैयार किया जाए, अनुसधान संबधी गतिविधियों को मजबूत बनाया जाए और अच्छे किस्म के प्रकाशन निकाले जाएं, छवि–निर्माण तथा व्यवसाय की स्पष्टता बढ़ाने के लिए उपाए किए जाएं। परिषद ने इस समूह की सिफारिशो के आधार पर एक कार्य योजना तैयार की है।

2.3 पाठ्य विवरण

व्यवसाय की शक्ति अपने पाठ्यक्रम की विषय सूची के विन्यास, कार्य क्षेत्र और विस्तार में है। अतः यदि पाठ्यक्रम की विषय सूची को निगम क्षेत्र से सुसंगत विधियों और पद्धतियों में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप समय–समय पर संशोधित नहीं किया जाएगा तो यह पुरानी पड़ जाएगी और बेकार हो जाएगी। सूचना प्रौद्योगिकी में तेजी से विकास, एस टी ओ मानदण्डो के कारण उत्पन्न चुनौतिया, आर्थिक उदारीकरण, नित्य नए अधिनियमों की स्थापना और वर्तमान विधियों में सशोधन–इन सभी के कारण पाठ्य विवरण में आमूल परिवर्तन करने की आवश्यकता हो गई है। तदनुसार पिछले तीन वर्षों से इंस्टीट्यूट में एक प्रयास किया जा रहा है, जिसका प्रतिफल प्रस्तावित नया पाठ्य विवरण है। यह पाठ्य विवरण इस उद्देश्य से तैयार किया गया है कि रोजगार और प्रेक्टिस दोनों के बारे मे निर्देशात्मक परिवर्तन आए और भावी कम्पनी सचिव बदलते निगम, आर्थिक और व्यापार भू–दृश्य के कारण उत्पन्न चुनौतियों का मुकाबला पूरे विश्वास के साथ कर सकें। नए पाठ्य विवरण को सन 2000–2001 में कार्यान्वित करने का प्रस्ताव है।

2.4 प्रेक्टिसरत सदस्यों के लिए नए अवसर

इंस्टीट्यूट ने प्रेक्टिस के नए क्षेत्र तैयार करने और प्रेक्टिसरत सदस्यों के लिए नई मान्यताओ की सम्भावनाओं का पता लगाने के लिए निरन्तर प्रयास किया है जिसके सन्तोषजनक परिणाम समीक्षाधीन वर्ष में प्राप्त हुए हैं।

प्रतिभूति विधि (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1999 प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों को सेबी अधिनियम 1992, प्रतिभूति सविदा (विनियम) अधिनियम, 1956 और डिपाजिटरीज एक्ट 1996 के अधीन प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप मे प्रतिभूति अपीलीय अधिकरणों के समक्ष उपस्थित होने के लिए प्राधिकृत करता है जिससे लम्बे समय से चली आ रही प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवो की मांग पूरी हो गई है। नेशनल सिक्यूरिटीज डिपाजिटरीज लि0 (एन एस डी एल) और सेन्ट्रल डिपाजटरी सर्विसेज (इण्डिया) लि0 (सी डी एस) ने अपने उप–नियमों में संशोधन कर प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों को डिपाजिटरी आप्रेशन संबंधी भागीदारो के काम काज की आन्तरिक लेखापरीक्षा करने की अनुमति दे दी है। सेन्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (कंडक्ट ऑफ बिजनेस) रेगुलशंस 1999 में भी प्राधिकृत प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव को प्राधिकृत

प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का प्राधिकार दिया है। टेलीकाम रेगुलेटरी अथारिटी ऑफ इण्डिया एक्ट, 1997 (यथा संशोधित) मे भी प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव को दूर संचार विवाद समाधान तथा अपीलीय अधिकरण के समक्ष प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का प्राधिकार दिया है। दि इंश्युरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलेपमेंट अथारिटी ने भी प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों की मान्यता के बारे में कुछ महत्त्वपूर्ण प्रावधान रखे हैं।

2.5 कम्पनी कार्य विभाग के सचिव डॉ0 पी एल संजीव रेड्डी का दौरा

हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि कम्पनी कार्य सचिव डॉ0 पी एल संजीव रेड्डी ने 5 मार्च 2000 को इंस्टीट्यूट का दौरा किया और परिषद को सम्बोधित किया। परिषद ने इस अवसर पर डॉ0 रेड्डी को इस्टीट्यूट की गतिविधियों, काम काज और भावी योजनाओ की जानकारी दी तथा उनसे कम्पनी सचिवों के व्यवसाय की स्पष्टता एव मनोबल को बढावा देने के लिए आवश्यक समर्थन प्रदान करने पर जोर दिया। परिषद ने डॉ0 रेड्डी को कम्पनी (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1999 तथा कम्पनी सचिव अधिनियम एवं नियमावली मे किए जाने वाले संशोधनों के बारे में इंस्टीट्यूट के सुझाव भी प्रस्तुत किए। डॉ0 रेड्डी ने परिषद को आश्वासन दिया कि उनका विभाग व्यवसाय की वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक समर्थन प्रदान करेगा।

2.6 व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम

समीक्षाधीन वर्ष में सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम सहित 22 व्यावसायिक विकास कार्यक्रम, 27वां राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रेक्टिसरत कम्पनी सचियों का प्रथम राष्ट्रीय सममेलन आयोजित किया। प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन की उल्लेखनीय सफलता से उत्साहित होकर इसे प्रति वर्ष आयोजित करने का निर्णय किया गया है। रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में ब्यौरा दिया गया है।

2.7 पूंजी बाजार और वित्तीय सेवाओं में पश्च सदस्यता अर्हता पाठ्यक्रम

पूंजी बाजार और वित्तीय सेवाओं के पश्च सदस्यता अर्हता पाठ्यक्रम (पी एम क्यू) के लिए 31 मार्च 2000 तक इस्टीट्यूट के 334 सदस्यों ने अपना पंजीकरण करा लिया था। पी एम क्यू पाठ्यक्रम पांचवें और छठे सत्र की परीक्षाएं क्रमशः जून 1999 और दिसम्बर 1999 मे हुईं; यह परीक्षाएं बंगलौर, कलकत्ता, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद और मुम्बई में हुईं।

2.8 निगम अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए आई सी एस आई–केन्द्र

निगम अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए आई सी एस आई–केन्द्र का उद्घाटन मुम्बई में हुआ और 16 मई 1999 को आई सी आई – सी सी आर टी सलाहकार बोर्ड के अवैतनिक अध्यक्ष, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एव अध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग श्री जस्टिस एम.एन. वैंकटचलैया की अध्यक्षता मे एक शानदार समारोह में भारत के उच्चतम न्यायालय के सम्माननीय मुख्य न्यायाधीश डॉ0 जस्टिस ए. एस. आनन्द ने इसका उद्घाटन किया। अगस्त 1999 में डीन की नियुक्ति के बाद आई सी आई–सी सी आर टी ने पूरी तरह अपना काम काज शुरू कर दिया है तथा इस प्रकार के व्यावसायिक संस्थानों में इसकी विशेष प्रतिष्ठा बन गई है।

2.9 सहयोगी व्यावसायिक निकायों के साथ परस्पर परामर्श

2.9.1 आई सी एस आई, आई सी ए आई और आई सी डब्ल्यू ए आई की समन्वय समिति की बैठक

इस वर्ष तीन संस्थानों के बीच और अधिक सहमति तथा मेलजोल बिठाने के बारे में किए गए प्रयासों को सफलता मिली है क्योंकि इस वर्ष आपसी हितो के मामलों पर, जिनमें विश्व व्यापार सगठन की स्थापना से उत्पन्न विषय भी शामिल है, चर्चा के लिए आई सी एस आई, आई सी ए आई और आई सी डब्ल्यू ए आई के बीच अनेक बैठकें हुईं। आपसी सहयोग और सहमति के जिन क्षेत्रों की पहचान हुई, उनमें तीन संस्थानों के सदस्यों के बीच सहभागिता, पारस्परिक रूप से परीक्षा–पत्रों में छूट, प्रशिक्षण के बारे में पारस्परिक मान्यता और तीनो संस्थानों के एक समान प्रश्न पत्रों पर संयुक्त रूप से अध्ययन नोट तैयार करने जैसे विषय शामिल रहे। सहयोग के प्रत्येक क्षेत्र के बारे में माडेलिटीज तैयार करने के लिए उप–समूह गठित किए गए हैं।

2.9.2 अमेरीकन सोसाइटी ऑफ कार्पोरेट सेक्रेटरीज के साथ बात चीत

इंस्टीट्यूट ने आपसी लाभ के लिए निकट सम्बन्ध स्थापित करने के उद्देश्य से अमेरिकन सोसाइटी ऑफ कार्पोरेट सेक्रेटरीज के साथ बातचीत की है।

2.9.3 साउथ एशियन एसोसिएशन ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज इंस्टीट्यूट (एस ए ए सी एस आई)

साउथ एशियन एसोसिएशन ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिए कदम उठाए गए हैं, जिसमे इस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड सेक्रेटरीज एंड मैनेजर्स ऑफ बांग्लादेश, इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पोरेट सेक्रेटरीज ऑफ पाकिस्तान तथा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड सेक्रेटरीज एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स ऑफ श्रीलंका सहभागी होंगे।

2.9.4 आई सी एस ए. यू. के. के साथ सहमति पत्र का कार्यान्वयन

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड सेक्रेटरीज एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स, यू. के. तथा आई सी एस आई के बीच हस्ताक्षरित सहमति पत्र का कार्यान्वयन दोनों इंस्टीट्यूटो ने कर दिया है।

2.10 27वां राष्ट्रीय सम्मेलन और चौथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

27वां राष्ट्रीय सम्मेलन और चौथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 9–11 दिसम्बर 1999 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली मे आयोजित कियागया, जिसका विषय था – "अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और साइबर विधियां"। इस सम्मेलन में लगभग 600 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अखबारों और इलेक्ट्रानिक मीडिया में सम्मेलन को प्रमुख स्थान मिला। इस अवसर पर 'दि इकानामिक टाइम्स' ने अपने समाचार पत्र में पूरे एक पृष्ठ का सम्लीमेंट प्रकाशित किया।

2.11 प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन

पहली बार व्यवसाय के प्रेक्टिस पक्ष को सुदृढ़ करने के लिए उपाय और साधनों का पता लगाने के लिए एक सांझा मंच पर प्रेक्टिसरत कम्पनियों को एकत्र करने का एकजुट प्रयास किया गया, क्योंकि बहुत हद तक प्रेक्टिस पक्ष की सफलता पर ही व्यवसाय का भविष्य निर्भर करता है। इसके लिए 27–28 अगस्त 1999 को हैदराबाद में प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों का सम्मेलन किया गया और इसमें देश से विभिन्न भागों से 120 प्रतिनिधि भाग लेने के लिए आए। जैसा कि पहले कहा है, यह तय किया गया है कि यह सम्मेलन प्रति वर्ष क्षेत्रवार आयोजित किया जाए।

2.12 कम्प्यूटरीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी

इंटरनेट और डिजीटल नर्वस सिस्टम के जगत में तेज गति से चल रही घटनाओं के साथ कदम मिला कर चलने की महत्ता को मानते हुए इंस्टीट्यूट की सूचना प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निदेशक–स्तर का एक पद बनाया गया है। मुख्यालय की लगभग सभी गतिविधियों का कम्प्यूटरीकरण हो गया है। समीक्षाधीन वर्ष मे जिन कुछ पद्धतियों का विकास हुआ है, उनकी सूची इस प्रकार है.

- लाइसेंस धारी पद्धति
- कार्मिक सूचना पद्धति
- पावती और निगम कार्य पद्धति
- विधिगत कार्य पद्धति
- परिषद के कार्यों से जुडी गतिविधियों की पद्धति
- सचिवालय कार्य पद्धति
- अनुसंधान और अध्ययन कार्य–पद्धति
- नियोजन गतिविधियों की पद्धति
- वेतन–चिट्ठा सम्बन्धी कार्य

सम्पूर्ण हार्डवेयर को वाई2के के अनुरूप बनाया है। साफ्वेयर मे भी वाई2के का अनुपालन किया है, जिनमें निम्नलिखित क्षेत्र शामिल हैं:

- कल्याण निधि पद्धतिं
- पी एम क्यू परिणाम प्रसंस्करण पद्धति
- परीक्षा सम्बन्धी कार्यों पर नजर रखने की पद्धति
- वेतन–चिट्ठा पद्धति

समीक्षाधीन वर्ष में सभी सम्बन्धित आप्रेशनों को वाई2के के अनुरूप बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी कर लेने के कारण इस्टीट्यूट ने नई सहस्राब्दि में सुचारू ढंग से अपने काम काज में परिवर्तन कर लिया।

इस्टीट्यूट की वेबसाइट का डिजाइन फिर से तैयार किया है और अनुमोदित मामलों को नियमित रूप से अध्ययन किया जाता है। जून 1999 और दिसम्बर 1999 सत्रों की परीक्षाओं के परिणामो को आई सी एस आई वेबसाइट पर अंकों के ब्रेक –अप के साथ प्रकाशित किया गया है।

स्टाफ के कम्प्यूटर प्रशिक्षण के क्षेत्रों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया। आवश्यकता के आधार पर स्टाफ के प्रत्येक कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया गया। भविष्य की योजना यह है कि इन कर्मचारियों की पहचान की जाए जिन्हें कम्प्यूटर का ज्ञान नहीं है और उन्हे इस्टीट्यूट मे ही प्रशिक्षण दिया जाए।

3. परिषद

3.1 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

परिषद की 117 वीं बैठक 1 जनवरी 2000 को हुई जिसमे 1 जनवरी 2000 से एक वर्ष के लिए पश्चिमी क्षेत्र के श्री जे श्रीधर को अध्यक्ष और दक्षिणी क्षेत्र के श्री पी.वी.एस. जगन मोहन राव को उपाध्यक्ष चुना गया।

3.2 बैठकें

समिति की विभिन्न बैठको के अलावा परिषद ने इस वर्ष के दौरान पाच बैठकें आयोजित की।

3.3 समितियां आदि

परिषद द्वारा गठित विभिन्न समितियो, विशेषज्ञ ग्रुपों ओर परामर्शी बोर्डों का विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ख' मे दिया गया है।

3.4 सचिवीय मानक बोर्ड

समीक्षाधीन वर्ष मे प्रमुख विशेषता एक नए बोर्ड अर्थात् सचिवीय मानक बोर्ड का गठन है, जो न केवल सचिवीय मानक तैयार करेगा, बल्कि वर्तमान मे नानाविधि प्रकार की चल रही पद्धतियों को एकीकृत करेगा, उनको समरस बनाएगा और मानकीकरण करेगा। बोर्ड में प्रतिष्ठित वरिष्ठ सदस्य रहेंगे।

4. क्षेत्रीय परिषदें और शाखायें

4.1 क्षेत्रीय परिषदें

चारों क्षेत्रीय परिषदों ने बड़े उत्साह और जोश से अपनी गतिविधियां और कामकाज को चला कर परिषद को अपना समर्थन और सहायता देना जारी रखा। क्षेत्रीय परिषदों ने कैरियर जागृति कार्यक्रमों, फोन–इन कार्यक्रमों, सेमिनारो और कार्यशालाओं, एस. एम. टी. कार्यक्रमो, मौखिक शिक्षण कक्षाओं, विद्यार्थी मार्गनिर्देशी बैठकों, अध्ययन सर्किल कक्षाओं और क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया। ये परिषदें पुस्तकालयो को भी व्यापक रूप से अद्यतन रखने, समाचार–बुलेटिन प्रकाशित करने और आंकड़े रखते हुए रोजगार सेवाएं प्रदान करने, सदस्यों/विद्यार्थियो को जानकारी देने, इंस्टीट्यूट के प्रकाशनों की बिक्री करने का काम भी कर रही हैं। परिषद के निर्देशानुसार 1999–2000 मे मुख्यालय द्वारा की जाने वाली कुछ गतिविधियों का विकेन्द्रीकरण क्षेत्रीय परिषदों में कर दिया गया है। 31 मार्च 2000 को क्षेत्रीय परिषद की रिजर्व और अधिशेष राशि तथा प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद में सदस्यों और विद्यार्थियों की संख्या नीचे दी गई है:

मद	पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद	उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद	दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद	पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद
वित्तीय स्थिति:				
(1) अधिशेष (+) घाटा (–)1999–2000 रू0	117824	866860	(182615)	257426
(2) 31.3.2000 को रिजर्व रु0	736653	3599088	641933	971791
नियमित पाठयक्रम के विद्यार्थियों की संख्या				
–31–03 2000 को	23395	50687	32019	35499
–31–03 1999 को	25191	51104	35226	37045
–1999–2000 के दौरान वृद्धि/कमी का प्रतिशत	(–)7 13	(–)0.82	(–)9.10	(–)4.17
फाउंडेशन पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की संख्या				
–31 मार्च 2000 को	5690	17751	6493	9179
–31 मार्च 1999 को	6540	23037	6892	9122
–1999–2000 के दौरान वृद्धि/कमी का प्रतिशत	(–) 13.00	(–) 22 95	(–) 5.79	(–) 0.62
सदस्यों की संख्या				
–31 मार्च 2000 को	1490	3544	3321	4337
–31 मार्च 1999 को	1406	3317	3169	4174
–1999–2000 के दौरान वृद्धि/कमी का प्रतिशत	(+)5.97	(+)6 84	(+)4.80	(+)3 91

4.2 शाखायें

1999–2000 के दौरान इस्टीट्यूट की सभी 36 शाखाओ की प्रबंध समितियों का पुनर्गठन कंपनी सचिव विनियमावली, 1982 तथा सचिव शाखाओं की मार्ग–निर्देशिका 1983 (5–5–1998 तक संशोधित) के अनुसार किया गया। इस वर्ष के दौरान शाखाओं ने विद्यार्थियों को शिक्षण, मौखिक शिक्षण और प्रशिक्षण देने तथा व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित करने की अनेक गतिविधियां संपन्न कीं।

आज तक जिन शाखाओं के अपने कार्यस्थल हैं उनके नाम इस प्रकार हैं:– अहमदाबाद, बगलौर, भोपाल, कोचीन, डोम्बीवली, गाजियाबाद, गोआ, हैदराबाद, इन्दौर, जयपुर, कानपुर, मदुरई, मगलौर, पुणे और वडोदरा।

4.3 सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार

वर्ष 1998 के सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र मे निम्नलिखित शाखाओ को दिये गये:

सर्वोत्तम राष्ट्रीय शाखा पुरस्कार

हैदराबाद

सर्वोत्तम क्षेत्रीय शाखायें

पूर्व–भुवनेश्वर
उत्तर–चण्डीगढ़
दक्षिण–हैदराबाद
पश्चिम–अहमदाबाद

4.4 सैटेलाइट शाखाएं

इंस्टीट्यूट की परिषद ने सभी चारों क्षेत्रों में सदस्यों और विद्यार्थियों की सेवाओं को और सुदृढ करने के लिए तथा लाइब्रेरी और मौखिक शिक्षण की सुविधाएं प्रदान करने एवं सदस्यों और विद्यार्थियों के बीच आपसी सलाह मशविरा करने के लिए सैटेलाइट शाखाओं के गठन के लिए मार्गनिर्देश निर्धारित किए हैं। आज की तारीख तक निम्नलिखित स्थानों पर 16 सैटेलाइट शाखाओं का गठन किया जा चुका है।:

उत्तर – आगरा, इलाहाबाद, बरेली, व्यावर, भीलवाड़ा, गुड़गांव, जोधपुर, मेरठ, वाराणसी, और यमुना नगर,

दक्षिण – हुबली–धारवाड़, कोट्टयम, त्रिचुर, और विजयवाड़ा,

पश्चिम – नासिक और रायपुर

इंस्टीट्यूट की सैटेलाइट शाखाओं में अध्ययन सामग्री, प्रकाशन, चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल, स्टूडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी बुलेटिन और सभी क्षेत्रीय परिषदों के न्यूज़ बुलेटिन तथा इंस्टीट्यूट के अन्य प्रकाशन उपलब्ध हैं।

5. सदस्य

5.1 नए प्रवेश

1999–2000 वर्ष में 641 एसोसिएट सदस्य तथा 226 फैलो सदस्यों को प्रविष्ट किया गया। 31 मार्च 2000 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 12692 सदस्य दर्ज थे, जिनमें से 9270 एसोसिएट और 3422 फैलो सदस्य थे। 31 मार्च 2000 को विदेशो मे रहने वाले सदस्यों की सख्या 264 थी। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिषद को 19 सदस्यो की मृत्यु की सूचना देते हुए दुख है।

1999–2000 वर्ष में 233 सदस्यों को प्रेक्टिस प्रमाण पत्र जारी किए गए। 31 मार्च 2000 को प्रेक्टिस प्रमाण पत्र धारियों की संख्या 1266 थी।

5.2 सदस्यों की सूची

कम्पनी सचिव विनियमावली 1982 के विनियम 161 के साथ पठित कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 19(3) के अनुसरण मे 1 अप्रैल 1999 की स्थिति के अनुसार सदस्यों की पूरक सूची प्रकाशित की गई है। पूरक सूची में दी गई सूचना इस प्रकार है--जैसे सदस्यों के निवास के पते, टेलीफोन नम्बर, फैक्स नम्बर, व्यवसाय स्थान के पते, दिए गए हैं। सदस्यो को यह सूची उनके अनुरोध पर सप्लाई की गई है। कुछ और अतिरिक्त सूचनाएं भी दी गई हैं ताकि सदस्यो के बीच बेहतर संचार और सलाह मशविरा हो सके।

6. "चार्टर्ड सेक्रेटरी"

इंस्टीट्यूट का यह प्रतिष्ठित जर्नल निरन्तर प्रकाशित होता रहा है और इसकी उच्च गुणवत्ता तथा प्रकाशन होने के कारण इसे सराहा गया है समीक्षाधीन वर्ष मे जर्नल के चार विशेषांक निम्नलिखित विषयों पर प्रकाशित किये।

1. बजट
2. अप्रत्यक्ष कर
3. वित्तीय क्षेत्र/सेवाएं और
4. बीमा

इस वर्ष कम्पनी सचिवो से सम्बन्धित नानाविध विषयों पर अनेक लेख जर्नल में प्रकाशित किए गए। जर्नल मे सभी महत्त्वपूर्ण विधायी घटनाओ को तुरन्त ही प्रकाशित किया गया। इस वर्ष के अकों मे दो परिशिष्ट भी प्रकाशित किए गए: (1) सदस्यो के लिए इस्टीट्यूट की वार्षिक रिपोर्ट और (2) 31.03.1999 को प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव प्रमाण पत्र धारियों की सूची। इस प्रकार पूरे वर्ष जर्नल में मूल्यवान सामग्री दिए जाते रहने के प्रयास किए गए।

इसके अलावा, इंटरनेट सावी सदस्यों के लाभ के लिए प्रतिमाह आई सी एस आई वेबसाइट पर महत्त्वपूर्ण अधिसूचनाएं दी गईं। प्रेक्टिसरत कम्पनी सचियों के लिए जुलाई 1999 से नियमित रूप से मध्य–माह अद्यतन स्थिति प्रकाशित की जा रही है।

इस वर्ष सम्पादकीय सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया गया और बोर्ड ने निरन्तर जर्नल की विषय वस्तुओं पर गहरी नजर रखी है। वर्ष 1998 मे विधिगत, प्रबन्धन और वित्त, लेखे और कराधान विधाओ में चार्टर्ड सेक्रेटरी के सर्वोत्तम लेख पर पुरस्कार नई दिल्ली मे आयोजित 27वे राष्ट्रीय सम्मेलन और चौथे अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी सचिव सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दिसम्बर 1999 को दिया गया।

7 विद्यार्थी सेवाएं

7.1 नियमित पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण

व्यवसाय का भविष्य आज के विद्यार्थी के हाथों में है। इस तथ्य को मानते हुए इंस्टीट्यूट ने सदैव बिना समझौता किए विद्यार्थियो को अच्छी से अच्छी सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। 1999–2000 के दौरान 18421 विद्यार्थियों ने पजीकरण कराया जबकि पिछले वर्ष 22842 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था। 31 मार्च 2000 को विद्यार्थियों की चालू पजीकरण संख्या 141666 है, जिनमें वे 692 विद्यार्थी शामिल है, जिनका पजीकरण विनियम 21(3) के अधीन किया गया।

7.2 फाउंडेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए 10+2 विद्यार्थियों के लिए फाउण्डेशन पाठ्यक्रम 20 अगस्त1993 से शुरू किया गया, रिपोर्टाधीन वर्ष मे फाउण्डेशन पाठ्यक्रम मे 11121 विधार्थियो को प्रवेश दिया गया, जबकि पिछले वर्ष 14425 विद्यार्थियो को प्रवेश दिया था। 31.3.2000 तक 115398 विद्यार्थियो को प्रवेश दिया जा चुका था। 31.3.2000 को फाउंडेशन पाठ्यक्रम के पंजीकृत विधार्थियों की वर्तमान संख्या 39113 थी। जून तथा दिसम्बर 1999 में आयोजित फाउण्डेशन पाठ्यक्रम की परीक्षाओ मे क्रमश 1086 और 1179 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे।

7.3 नियमित पाठ्यक्रम और फाउण्डेशन पाठ्यक्रम के लिए विद्यार्थियों की घटती जा रही सख्या पर चिंता का विषयहै और परिषद इस

पर गम्भीरता से विचार कर रही है और समस्या का समाधान ढूंढ रही है।

7.4 शिक्षण

इस वर्ष में फाउंडेशन पाठ्यक्रम तथा अन्य नियमित पाठ्यक्रमों में जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया, उन सभी के नाम अनिवार्यत: डाक शिक्षण के लिए भी दर्ज किए गए और उन्हें अध्ययन सामग्री दी गई। इस वर्ष शिक्षण समाप्ति पर 35294 प्रमाण पत्र जारी किए गए और फाउंडेशन इटरमीडिएट और फाइनल पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त सभी उत्तर पुस्तिकाओ का मूल्याकन किया गया तथा विद्यार्थियों को वापस की गईं। इस वर्ष विद्यार्थियों को सेवा प्रदान करने संबंधी गतिविधियों का विकेन्द्रीकरण करने की दिशा में पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद को छोड़ कर सभी क्षेत्रीय परिषदों में इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की सुविधा दी गई है। दक्षिण भारतीय क्षेत्रीय परिषद में फाइनल पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के स्थानीय मूल्यांकन की भी सुविधा रही है। आशा है कि पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद में भी उत्तर पुस्तिकाओं के स्थानीय मूल्यांकन की सुविधा शीघ्र शुरू हो जाएगी।

7.5 परीक्षाओं का आयोजन

रिपोर्टाधीन वर्ष में कम्पनी सचिवों की फाउण्डेशन, इण्टरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाएं जून और दिसम्बर 1999 में 52 परीक्षा केन्द्रो पर रखी गई जिनमें से 51 परीक्षा केन्द्र देश भर में थे और 1 परीक्षा केन्द्र दुबई मे था। जून और दिसम्बर 1999 सत्रों में परीक्षा में बैठने के लिए क्रमशः 43751 तथा 40957 परीक्षार्थियों ने नामांकन कराया। जून 1999 में इटरमीडिएट परीक्षा को 1378 और फाइनल परीक्षा को 511 विद्यार्थियों ने पूरा कर लिया। दिसम्बर 1999 के लिए यही आकड़े क्रमशः 1622 और 800 है।

7.6 स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी

इंस्टीट्यूट कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विधार्थियों के लाभ के लिए नियमपूर्वक अपना मासिक बुलेटिन 'स्टूडेट कम्पनी सेक्रेटरी' प्रकाशित करता है जिसका मुख्य उद्देश्य व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकताओं सहित कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम के प्रशासन के सबंध में हुए विधायी संशोधनों, अध्ययन और सूचना के बारे में जानकारी देना है। यह बुलेटिन नियमित रूप से अध्ययन कर रहे सभी वर्तमान विधार्थियो को निःशुल्क भेजा जाता है।

7.7 कम्पनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन

फाउंडेशन पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की आवश्यकता पूरी करने के लिए भी, जो अपने कैरियर के मोड़ पर खड़े होते है, इंस्टीट्यूट अलग से एक कम्पनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन प्रकाशित करता है। यह द्विमासिक बुलेटिन है जिसे फाउंडेशन पाठ्यक्रम के सभी वर्तमान विधार्थियों की निःशुल्क भेजा जाता है।

7.8 कम्पनी सचिव गाइड – अध्ययन और परीक्षा

विद्यार्थियो को इस बारे में मार्गदर्शन देने के लिए कि वे किस तरह से कम्पनी सचिवों की परीक्षा के लिए अध्ययन और तैयारी करे, इंस्टीट्यूट ने एक मात्र विद्यार्थियों के लिए एक अद्यतन प्रकाशन – 'ए गाइड टू कम्पनी सेक्रेटरीशिप – स्टडी एंड एक्जामिनेशन' का अद्यतन रूप प्रकाशित किया। विद्यार्थी समुदाय को सेवाएं प्रदान करने के लिए यह पुस्तिका पंजीकरण करते समय उन सभी विद्यार्थियों को नि शुल्क दी जाती है।

7.9 लाइसेंसधारी – आई सी एस आई

रिपोर्टाधीन अवधि में इंस्टीट्यूट में 326 लाइसेंसधारी–आई सी एस आई प्रविष्ट किए गए। 31.3.2000 को लाइसेसधारिता के लिए जितने आई सी एस आई लाइसेंसधारी वैध थे, उनकी संख्या 682 थी।

7.10 आई सी एस आई – आई सी एस ए सहमति पत्र का कार्यान्वन

पुणे मे 27वें सम्मेलन के अवसर पर 13 नवम्बर 1999 को इंस्टीट्यूट (आई सी एस आई) ने चार्टर्ड कम्पनी सेक्रेटरीज एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स (आई.सी.एस.ए. यू.के.) के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका कार्यान्वयन दोनों इंस्टीट्यूटों ने किया। आई सी एस आई के सदस्यो द्वारा विद्यार्थी के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रक्रिया सम्बन्धी विवरण चार्टर्ड सेक्रेटरी के दिसम्बर 1999 के अंक मे प्रकाशित किया गया। इस बारे में आई सी एस आई के सदस्यो की बड़ी उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। आई सी एस आई ए, यू. के. के विद्यार्थी बनने के लिए पजीकरण के वास्ते आई सी एस आई सदस्यो के 177 आवेदन पत्र पहले ही भेजे जा चुके है। आई सी एस आई ने भारत मे सदस्यो की सुविधा के लिए जून 2000 मे होने वाली आई सी एस ए की परीक्षाओं के आयोजन की व्यवस्था अहमदाबाद, बंगलौर, कलकत्ता, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, मुम्बई और पुणे में की है।

8 परीक्षाएं

8.1 परीक्षाओं का आयोजन

परिषद की परीक्षा समिति ने परीक्षाओ के स्तर को बनाए रखने के लिए पूरे वर्ष अथक प्रयास किए। 1999–2000 के दौरान जून और दिसबर 1999 मे देश भर में 51 केन्द्रों पर और एक केन्द्र विदेश (दुबई) में कम्पनी सचिवों की फाउंडेशन, इटरमीडिएट और फाइनल परीक्षायें आयोजित की गईं। 1999–2000 के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की सख्या इस प्रकार है:

	परीक्षा सत्र	
परीक्षा–स्तर	जून 1999	दिसबर 1999
फाउंडेशन	1086	1179
इंटरमीडिएट	1389	1607
फाइनल	559	783

परीक्षा केन्द्रों की सूची और परीक्षा परिणामों के आंकड़े क्रमशः इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ग' और 'घ' में दिए गए है ।

8.2 पश्च सदस्यता अर्हता(पी.एम.क्यू.) परीक्षा का आयोजन जून 1999में 4 केन्द्रों–अर्थात् कलकत्ता, चेन्नई, दिल्ली और मुम्बई मे किया गया और दिसम्बर 1999 में यह परीक्षा निम्न आठ केन्द्रों पर हुई–अहमदाबाद, बंगलौर, कलकत्ता, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, मुम्बई और पुणे। पी.एम.क्यू. परीक्षा परिणामों के आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ङ' में दिए गए है।

8.3 अखिल भारतीय पुरस्कार

जून और दिसंबर 1999 की परीक्षाओं के लिए प्रेजीडेट मेडल/अखिल भारतीय पुरस्कार निम्नलिखित विद्यार्थियों को दिये गये

पाठ्यक्रम	जून 1999	केन्द्र	दिसंबर 1999	केन्द्र
इंटरमीडिएट	निमिष शांतिलाल छेडा	मुम्बई	सुश्री ज्योत्सना गुप्ता	चंडीगढ
फाइनल	प्रसन्न वेंकेटश श्रीनिवासन	चेन्नई	विशाल नाथानी	कलकत्ता

पुरस्कार विजेताओं के नाम तथा अखिल भारतीय पुरस्कार योजनाओं तथा क्षेत्रीय पुरस्कार योजनाओं के ब्यौरे 'स्टूडेट कम्पनी सेक्रेटरी' और 'सी एस फाउण्डेशन कोर्स' बुलटिनो मे प्रकाशित किये गए।

8.4 योग्यता प्रमाणपत्र/योग्यता छात्रवृत्तियां/वित्तीय सहायता

क्रमशः जून और दिसंबर 1999 सत्रो की फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के प्रथम सर्वोच्च 25 रेक पाने वाले तथा फाइनल परीक्षा में सर्वोच्च 16 और 20 रैंक पाने वाले परीक्षार्थिओ को योग्यता प्रमाण दिए गए।

योग्यता छात्रवृति योजना के अधीन जून और दिसबर 1999 सत्रों में इस्टीट्यूट की फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं मे प्रत्यक सर्वोच्य 15 रैंक के परीक्षार्थियों को छात्रवृत्तिया दी गई। इसी प्रकार योग्यता–व–साधन सहायता योजना के अधीन सुपात्र विद्यार्थियो को वित्तीय सहायता दी गई।

9 प्रशिक्षण

9.1 सफल व्यवसायी बनने के लिए विद्यार्थियो को तैयार करने के वास्ते पाठ्यक्रम में दी गई विषय सूची मे दिए गए विभिन्न विषयों का सैद्धान्तिक ज्ञान और अन्तर्दृष्टि ही पर्याप्त नहीं है। इस रूपातण मे अर्थपूर्ण और व्यावहारिक प्रशिक्षण नितात अनिवार्य है। व्यावहारिक प्रशिक्षण को सुदृढ करने तथा विद्यार्थियों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए गम्भीरता की भावना लाने के उद्देश्य से इस्टीट्यूट की परिषद ने सभी विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुरू करने से पहले उनके लिए अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग ओरिएण्टेशन प्रोग्राम (टॉप) शुरू करने का निर्णय लिया है। यह भी तय किया है कि नए पाठ्य विवरण को शुरू करने के बाद विद्यार्थियो के लिए आवश्यक होगा कि फाइनल परीक्षा मे बैठने के लिए पात्र होने से पहले उन्हें कम से कम बारह महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा करना होगा। इस प्रशिक्षण से छूट केवल उन विद्यार्थियों को दी जाएगी जिनके पास किसी कम्पनी में उप/सहायक कम्पनी सचिव/सचिवीय अधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट अनुभव होगा।

9.2 पैनल बनाना

प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों को प्रायोजित करने के इंस्टीट्यूट के पैनल पर आने के लिए नई कम्पनियो से सम्पर्क किया। 144 कम्पनियो से प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पैनल पर लिया और 94 कम्पनियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पैनल मे रखा। उक्त अवधि मे 68 कम्पनियों की प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान की सूची बनाई। प्रबधन और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए 31.3 2000 को पैनल पर क्रमशः 1884 और 2000 कम्पनिया थी। इसी प्रकार 31.3.2000 को प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने वाली 464 कम्पनिया थी। वित्त वर्ष के दौरान प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कम्पनियो की सूची का विस्तार करने पर ही जोर नहीं दिया गया, बल्कि कम्पनियो द्वारा जो प्रशिक्षण दिया जाता है उसकी गुणवत्ता को सुधारने का प्रयास भी किया गया।

9.3 प्रशिक्षण प्रदान करना

1999–2000 के दौरान 874 विद्यार्थियों को प्रबंध प्रशिक्षण प्रदान किया गया, 298 विद्यार्थियो ने व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा किया और प्रशिक्षु प्रशिक्षण पूरा करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 561 थी।

9.4 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम

1999–2000 के दौरान क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने 18 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया और 607 विद्यार्थियो ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया।

विद्यार्थियों को विभिन्न विधानो में हुए परिवर्तनों संशाधनो की जानकारी देने के लिए एस एम टी पी के पाच माड्यूलों का पुनरीक्षण किया गया और इसके सहभागियों को उपलब्ध कराया गया।

10. जन सम्पर्क और नियोजन

10.1 जन सम्पर्क

कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम में नयापन लाने और देश में हर तरफ व्यवसाय की स्पष्टता बढाने की दृष्टि जन सम्पर्क और नियोजन निदेशालय ने वर्ष 1999–2000 मे इलेकट्रानिक मीडिया पर अध्यक्ष के अनेक साक्षात्कारो का प्रसारण कराया जो सफल रहा।

इंस्टीट्यूट ने 4, 5 और 6 जून 1999 को नई दिल्ली मे हिन्दुस्तान टाइम्स तथा एशियन न्यूज चैनल के सहयोग से आयोजित "एच टी कैरियर्स 2000" के मेले मे भाग लिया। निदेशालय ने 22–24 जुलाई 1999 को नई दिल्ली मे उरवी विक्रम चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित

'कैरियर मेला' में संभावित विद्यार्थियों को भी सूचना प्रदान की। दोनों मेलों की गतिविधियो का प्रसारण दूरदर्शन ने किया।

एक व्यापार प्रबन्धक और निगम विकास योजनाकार के रूप मे कम्पनी सचिव की बदलती छवि प्रस्तुत करने के लिए इस्टीट्यूट के अध्यक्ष और सचिव के अनेक प्रेस साक्षात्कार पूरे वर्ष प्रकाशित होते रहे, जो इस प्रकार हैं – 5 अप्रैल 1999 को 'एशियन एज', 8 अप्रैल 1999 तथा 27 अक्तूबर 1999 को पी टी आई, 1 अगस्त को 'तथ्य भारती' (हिन्दी की व्यापार पत्रिका), 13 अगस्त 1999 को ट्रिब्यून, 17 अगस्त 1999 को इकानामिस्ट (लंदन आधारित समाचार पत्र), 25 अगस्त 1999 को स्टेट्समैन और इकानामिक टाइम्स, 10 सितम्बर 1999 को दिल्ली टाइम्स, 14 फरवरी 2000 को इण्डियन एक्सप्रेस तथा 17 फरवरी 2000 को स्टेट्समैन।

विद्यार्थी समुदाय के लाभ के लिए कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम सम्बन्धी अनेक रंगीन कैरियर लेख (फीचर्स) तैयार किए गए और प्रमुख समाचार पत्रों के अनेक संस्करणो में प्रकाशित हुए।

आई सी एस आई द्वारा आयोजित विभिन्न सेमिनारों के सम्बन्ध में अनेक प्रेस विज्ञप्तिया जारी की गईं और समय–समय पर दैनिक व्यापार समाचार पत्रों ने अनेक प्रासंगिक विषयों पर अध्यक्ष की प्रतिक्रियाएं प्रकाशित हुईं। वाह्य समाचार पत्रो ने भी पी टी आई, यू एन आई और यूनीवार्ता जैसी प्रमुख समाचार एजेंसियों द्वारा तैयार समाचारों को प्रमुखता से प्रकाशित किया। पूरे भारत में 26 अगस्त 1999 और 26 फरवरी 2000 को अनेक अंग्रेजी और हिन्दी समाचार पत्रो ने कम्पनी सचिव परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित किए।

नवी मुम्बई में निगम अनुसधान और प्रशिक्षण केन्द्र (सी सी आर टी) के उद्घाटन की घोषणा के लिए एक प्रेस सम्मेलन को अध्यक्ष महोदय ने सम्बोधित किया, जिसे नई दिल्ली और मुम्बई दोनो नगरो में ही 16 मई 1999 को समाचार पत्रो ने अपने प्रथम पृष्ठ पर प्रमुखता से प्रकाशित किया। 17–18 मई 1999 को सी सी आर टी समारोह की उद्घाटन कार्यवाही को मुम्बई प्रेस, दूरदर्शन और आकाशवाणी सभी ने अपने कार्यक्रमों में प्रमुख स्थान दिया। नई दिल्ली मे एक और प्रेस सम्मेलन 8 दिसम्बर 1999 (राष्ट्रीय सम्मेलन से एक दिन पहले) नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, जिसे प्रेस और आकाशवाणी पर व्यापक रूप से स्थान मिला। कम्पनी सचिवो के 27वे राष्ट्रीय सम्मेलन और चौथे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट भी 9–10–11–12 दिसम्बर 1999 को समाचार पत्रों और इलेक्ट्रानिक मीडिया में व्यापक रूप से पेश की गई।

9 दिसम्बर 1999 को इकानामिक टाइम्स (दिल्ली संस्करण) मे राष्ट्रीय सममेलन के उद्घाटन समारोह की मुख्य विशेषताओ सम्बन्धी पूरे पृष्ठ का परिशिष्ट प्रमुख रूप से प्रकाशित हुआ। निदेशालय की एक और प्रमुख उपलब्धि यह थी कि इसने 9 दिसम्बर 1999 को नई दिल्ली मे राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के अवसर पर आई सी एस आई कार्पोरेट फिल्म तैयार और प्रदर्शित की।

21 फरवरी 2000 और 29 फरवरी 2000 को जैन टी वी ने अध्यक्ष महोदय की बजट पूर्व और बजट के बाद की प्रतिक्रियाओ को प्रसारित किया। 1 मार्च 2000 को सचिव महोदय की बजट प्रतिक्रिया दूरदर्शन पर प्रकाशित हुई। 'जी न्यूज' कार्यक्रम के दौरान 29 मार्च 2000 को जी टी वी ने कम्पनी सचिव व्यवसाय पर सचिव महोदय का साक्षात्कार प्रसारित किया।

पूरे वर्ष में विभिन्न प्रकार के जन सम्पर्क और जन सम्बन्धो की गतिविधियो के कारण कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम के बारे मे पूर देश मे जागृति पैदा करने तथा व्यापार, उद्योग और निगम क्षेत्र मे कम्पनी सचिवो के व्यावसायिक रूप और भूमिका स्वीकार करने मे बहुत हद तक कही अधिक योगदान मिला है।

10.2 नियोजन

सभावित नियोजको से अनुरोध प्राप्त होने पर पूरे वर्ष निदेशालय मे समुचित नियोजन के लिए सदस्यो के जीवन–वृत्त उन्हें भेजे। इंस्टीट्यूट में नियोजन के लिए रखे गये सदस्यो के डाटा बैंक को समय समय पर अद्यतन किया जाता रहा। प्रबन्धन सलाहकारो से भी जन सम्पर्क बनाए रखा और उन्हें कम्पनी सचिवों द्वारा दी जा रही सेवाओ की जानकारी दी और नियोजन प्रकोष्ठ मे पजीकृत सदस्यो की सूचियां भेजी, ताकि सदस्यों को समुचित नियोजन मिल सके। समाचार पत्रों और पत्रिकाओ मे नियमित रूप से कम्पनी सचिव के पद के लिए विज्ञापन दिए गए और सदस्यों के अनुभव के साथ उनका बायो डाटा समुचित नियोजन के लिए भेजा जाता रहा। देश में आने वाले अतिथि सदस्यों को अखिल भारतीय आधार पर कम्पनी सचिवों के लिए उपलब्ध रिक्तियो/अवसरो की जानकारी दी गई। अनेक सार्वजनिक उद्यमों/निजी सगठनों से कम्पनी सचिवों के पद के लिए जो भी अनुरोध प्राप्त हुए उन पर तुरन्त कार्रवाई की गई। जिन संगठनो ने केवल सी ए, आई सी डब्ल्यू ए और एम बी ए (वित्त) के लिए विज्ञापन दिए, उनसे अनुरोध किया गया कि वे एकीकृत निगम प्रबन्धकों के रूप में उनकी भूमिका को देखते हुए कम्पनी सचिवों को भर्ती करे। इनके बारे में विचार करे। ऐसे अनेक सदस्यो से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है जिन्होंने इंस्टीट्यूट द्वारा प्रायोजित साक्षात्कारों और समुचित नियोजन के लिए बुलाया गया था।

11. लेखे

11.1 अधिशेष

इस समीक्षाधीन वर्ष के लेखों में 59.20 लाख रुपये के अधिशेष को सामान्य रिजर्व मे डाला गया जब कि इसकी तुलना में 1998–99 वर्ष मे 181.84 लाख रुपये की अधिशेष राशि अन्तरित की गई थी।

11.2 रिजर्व

(क) पूंजी रिजर्व

31 मार्च 2000 को सदस्यों से प्राप्त प्रवेश शुल्क के पूजी रिजर्व की पूंजीकृत राशि 55.12 लाख रुपये थी, जबकि 31 मार्च 1999 को यह राशि 52.74 लाख रुपये थी।

(ख) सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष 31 मार्च 1999 को जो सामान्य रिजर्व 1823.90 लाख रुपये था, वह अब बढ कर 31 मार्च 2000 को 2140.66 लाख रुपये हो गया है।

11.3 सांविधिक लेखा परीक्षक

कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18(4) के अनुसरण में मैसर्स खन्ना एंड अन्नाधनम, चार्टर्ड एकाउंटेट्स नई दिल्ली को 31 मार्च 2000 को समाप्त वर्ष के लिए इंस्टीट्यूट का सांविधिक लेखा परीक्षक पुन: नियुक्त किया गया। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट लेखा विवरण के साथ प्रकाशित की गई है।

12 भूमि और गवन

12.1 आई सी एस आई – ई आई आर सी भवन

पूर्वी भारत क्षेत्र परिषद कार्यालय ने इस वर्ष में 3–ए, अहिरीपुकुर, प्रथम लेन, कलकत्ता 700 019 मे अपना कार्यस्थल खरीद लिया।

12.2 फरीदाबाद शाखा की भूमि

इस शाखा ने फरीदाबाद के सेक्टर 16ए मे हरियाणा नगर विकास प्राधिकरण (हूडा) से 3.65 लाख रुपये में 500 वर्ग गज का एक भूखंड खरीदा था। यद्यपि हूडा ने फरीदाबाद शाखा को आवंटन पत्र और कब्जे का पत्र जारी कर दिया था, परन्तु इस संपत्ति के बारे मे कुछ पुराने विवाद के कारण हूडा ने इस भूखंड का कब्जा शाखा को नही सौपा जा सका था। हूडा ने अब फरीदाबाद मे एक दूसरा प्लाट चुन लिया है और अलाट कर दिया है। परन्तु इसके लिए मुख्य प्रशासक, हुडा चण्डीगढ द्वारा स्वीकृति दिए जाने और प्लाट के सीमांकन की आवश्यकता है। आशा है कि नए अलाट किए गए प्लाट के लिए मुख्य प्रशासक की स्वीकृति और इसका सीमांकन यथा समय हो जाएगा और हूडा, फरीदाबाद शाखा को फरीदाबाद में इस भूमि का कब्जा सौंप दे देगा।

12.3 नौयडा में आई सी एस आई का नया भवन

12.3 इंस्टीट्यूट ने कार्यस्थल की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सेक्टर–62, फेज–2, नौएडा मे एक भूखण्ड खरीदा है। इसके भवन निर्माण का कार्य एन बी सी सी को दिया गया है। भवन निर्माण का काम पूरा होने वाला है और इसमें पाच मंजिलें है – बेसमेट, ग्राउण्ड और तीन मंजिलें। भवन का कुल निर्माण क्षेत्र 20000 वर्ग फुट है। आशा है कि इस भवन निर्माण का कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा और यह काम करने लायक बन जाएगा और फिर बिजली तथा पानी का कनेकशन मिलने के बाद, जिस पर काम चल रहा है, प्रस्ताव है कि इस्टीट्यूट के कुछ कार्य नए भवन में स्थानातरित कर दिए जाएगे, जिससे सदस्यो और विद्यार्थियों को बेहतर सेवाए प्रदान की जा सके।

13. शाखाओं को पूंजीगत अनुदान और ऋण

इंस्टीट्यूट ने अपनी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओ को 31 मार्च 2000 तक अपना कार्यालय भवन लेने के लिए जो अनुदान और ऋण दिया है उसका ब्यौरा इस प्रकार है:

(क) अनुदान 112.34 लाख रुपये

(ख) ऋण 238.24 लाख रुपये

इंस्टीट्यूट का प्रयास है कि क्षेत्रीय परिषदो और शाखाओं द्वारा अपने काम काज के लिए भवन लेने के प्रयासो में उनकी सहायता करे और इस संबंध मे पूरक राशि दे। कुछ क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं में अपने कार्यालय स्थल/भवन परियोजनाओ के लिए ससाधन जुटाने के लिए जबरदस्त प्रयास किये हैं। परिषद इन क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं द्वारा किये गए इन प्रयासो की प्रशंसा करती है।

14. कम्पनी सचिव हितकारी निधि (सी एस बी एफ)

14.1 सी एस बी एफ के सदस्यों में वृद्धि

सी एस बी एफ के आजीवन सदस्यों की संख्या 31 मार्च 2000 को 2993 थी। पिछले वर्षों में सदस्यों की सख्या धीरे–धीरे बढती रही है। 31 मार्च 2000 को पूंजी रिजर्व 89.40 लाख रुपये और सामान्य रिजर्व 26.70 लाख रुपये था।

14.2 इस निधि में और अधिक सदस्यो को प्रवेश कराने के लिए प्रयास जारी है। इससे वित्तीय संकट के समय सदस्यो को बेहतर वित्तीय सहायता तथा मृत्यु, लम्बी बीमारी, दुर्घटना आदि के कारण कठिनाई में उनके परिवारों को और अधिक लाभ दिए जा सकेंगे। यह अपने आप में बीमा जैसा उपाए है। 1000 रुपये के आजीवन सदस्यता शुल्क को आय कर अधिनियम 1961 की धारा 80 जी के अन्तर्गत छूट प्राप्त है। यह उत्साहवर्धक बात है कि नए पहल के उपायों से नए नामांकनों में उत्साहवर्धक रूझान दिखाई पड़ रहा है।

15. मानव संसाधन विकास

15.1 मानव संसाधन विकास का सीधा प्रभाव इंस्टीट्यूट के समग्र कार्य प्रदर्शन पर पडता है और इसलिए इंस्टीट्यूट का प्रबधन इस पर निरन्तर विशेष ध्यान देता आया है। दरअसल, आज के अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक निगम जगत मे सदस्यों, विद्यार्थियो और अन्य लोगो को कुशल तथा सस्ती सेवाएं प्रदान करने के लिए इंस्टीट्यूट के सभी संसाधनो का इष्टतम प्रयोग इस बात पर निर्भर करता है कि इस्टीट्यूट नवीनतम टेकनालाजी का इस्तेमाल करते हुए उपलब्ध ज्ञान को परिणित कर किस हद तक अपने मानव ससाधनो की क्षमता और समर्थता वढ़ा सकता है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए इंस्टीट्यूट के अधिकारियो और कर्मचारियों को मानव ससाधन विकास के नानाविध कार्यक्रमो के लिए नामित किया है ताकि वे अपने ज्ञान को बढ़ा सकें और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे जो नई–नई तकनीके आ रही है, वे उन तकनीकी और प्रबन्धकीय कुशलताओं को अपना सकें। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की नई–नई तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर देने तथा मानव ससाधनों के प्रयोग को प्रभावकारी बनाने के लिए इस्टीट्यूट के कामकाज को सुदृढ बनाने के लिए एक अन्तग निदेशक (आई टी) नियुक्त किया है ताकि इंस्टीट्यूट जिन लोगो को सेवाएं प्रदान करता है, उन्हें बेहतर सवेाए प्रदान की जा सकें।

15.2 कर्मचारियों के साथ संबंध और कल्याण

अपने विभिन्न ग्राहकों को कुशल और कम लागत पर सेवाए उपलब्ध कराने के लिए आई सी एस आई कर्मचारी संघ के साथ सौहार्दपूर्ण

संबध अत्यत आवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए पूरे वर्ष नियोक्ता–कर्मचारियों के बीच सद्भावनापूर्ण संबध बनाए रखे गए। आई सी एस आई कर्मचारी सघ ने इंस्टीट्यूट मे कम्प्यूटर सस्कृति को बढावा देने समेत इंस्टीट्यूट की समग्र वृद्धि और विकास के संसाधनो का इष्टतम उपयोग करने मे अपना पूरा सहयोग दिया।

इंस्टीट्यूट में भाईचारा पैदा करने और परस्पर सहमति और सहयोग का वातारण बनाने के लिए आई सी एस आई एम्पालाईज क्लब और शिफ्ट एड क्रेडिट सोसाइटी ने वर्ष भर विभिन्न सांस्कृतिक और कल्याणकारी गतिविधियां जारी रखीं।

16. भावी दृष्टिकोण

16.1 आज विश्व व्यापार में धीरे–धीरे बढते जा रहे वैश्वीकरण के फलस्वरूप व्यापार और वाणिज्य मे सचिवीय चुनौतिया बढती जा रही है। इसी प्रकार धीरे–धीरे, परन्तु इलेक्ट्रानिक वाणिज्य की तरफ स्पष्ट झुकाव के कारण आन्तरिक रूप से निगम शासन के स्वीकृत मानदण्डों से जुड़ी सचिवीय पद्धतियो के सहायक फलितार्थ विद्यमान हैं। ऐसे परिदृश्य में, नए–पुराने, छोटे–बडे सभी प्रकार के व्यवसाय की बेहतरी इस बात पर निर्भर करती है कि कहां तक इन सभी को अनुकूल रूप में ढाला जा सकता है प्रत्येक व्यावसायिक के लिए यह आवश्यकता सभी को स्पष्ट है कि वे संसाधनो और सूचना मे सहभागी बने। जब सब मिल कर पूरी ताकत से काम करते हैं तो उसके लाभ भी कही अधिक मिलते है। निगम व्यावसायिकों की नई पीढी को लचीला बनना होगा और नई चुनौतियों के यथा सम्भव अच्छे से अच्छे समाधान प्रस्तुत करने के लिए तेयार रहना होगा। प्रतिस्पर्धा की ऊचाइयो को छूने के लिए अद्यतन सूचना और ज्ञान भण्डार प्राप्त करने के लिए इसमें और अधिक व्यय करना आवश्यक है।

इस दिशा में इंस्टीट्यूट में भारत में कम्पनी सचिव व्यवसाय के समुचित विकास और वृद्धि के लिए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं

कहने की आवश्यकता नहीं है कि जब सभी सम्बन्धित व्यक्तियों की प्रतिबद्धता, परिश्रम, परिकल्पना और ज्ञान से यह तय होगा कि आज के साईबर वातावरण मे अपने प्रयासों से हम कितना लाभ उठा सकेगे।

17. आभार

परिषद केन्द्रीय सरकार के मत्रालयो और कार्यालयों और विशेष रूप से कम्पनी कार्य विभाग और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड 'सेबी' तथा अन्य नियामक प्राधिकरणो के प्रति उनके द्वारा इस वर्ष व्यवसाय और इस्टीट्यूट की गतिविधियों के विकास मे सहायता व मार्गदर्शन तथा समर्थन प्रदान करने के लिए आभार प्रगट करती है। परिषद विभिन्न राज्य सरकारों वित्तीय/औद्योगिक/निवेश संस्थानों/सामान्य रूप से निगम क्षेत्र और देश में विभिन्न चैम्बर्स ऑफ कामर्स और ट्रेड एसोसिएशनो तथा अन्य एजेंसियों के प्रति भी आभार प्रगट करती है, जिन्होने इंस्टीट्यूट के सदस्यों की सेवायें लेने और इनकी विशेषज्ञता को मान्यता प्रदान करने मे लगातार रूचि बढाई है।

परिषद इस्टीट्यूट के भावी योजना समूह, कोर ग्रुपों और पाठ्य विवरण समीक्षा समिति के प्रति भी अपना गहन आभार प्रगट करती है। परिषद, क्षेत्रीय परिषद और इनकी शाखाओं जिनमें सेटेलाइट शाखाए भी शामिल हैं, द्वारा पूरे हृदय से प्रदान की गई सहायता और सहयोग के लिए तथा इंस्टीट्यूट के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की भी अपनी ओर से अत्यधिक सराहना करती है, जिन्होने बडी निष्ठा और कर्तव्य की भावना से काम किया।

परिषद् की ओर से,

जे. श्रीधर, अध्यक्ष

नई दिल्ली

तारीख : 11.9.2000

[विज्ञापन/3/4/असा./121/2000]

परिशिष्ट – क

व्यावसायिक विकास अनवरत शिक्षा कार्यक्रम

(मद सं. 2.6 का अनुबन्ध)

1. 7–10 अप्रैल 1999 को चेन्नई में "वैकल्पिक विवाद सामाधान" विषय पर चार दिवसीय सहभागी प्रमाण–पत्र कार्यक्रम।
2. 9–10 अप्रैल 1999 को दिल्ली में "कम्प्यूट्रीकृत सचिवीय कामकाज की व्यवस्था लेखा परीक्षा" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला।
3. 7–9 मई 1999 को मुम्बई में "वैकल्पिक विवाद समाधान" विषय पर तीन दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
4. 22–23 मई 1999 को दिल्ली में प्रबन्धन अध्ययन स्कूल, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेन्ज, मुम्बई के सहयोग से टेलीकांफ्रेंस के माध्यम से 'डेरीएटिव्स' पर दो दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
5. 11 जून 1999 को दिल्ली में "बौद्धिक सम्पदा–निगम विकास के लिए अनिवार्य विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय विचार गोष्ठी।
6. 24–26 जून 1999 को चेन्नई में "बौद्धिक सम्पदा अधिकार" पर तीन दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
7. 31 जुलाई 1999 को दिल्ली में एस्सेट इंटरनेशनल के साथ संयुक्त रूप से "ई–कामर्स" पर एक दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
8. 18 अगस्त 1999 पुणे में "ई–कामर्स" पर एक दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
9. 27–28 अगस्त 1999 को हैदराबाद में प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों का प्रथम दो–दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन।
10. 7–8 सितम्बर 1999 को आई सी एस आई–सी सी आर टी, बालापुर, नवी मुम्बई में सार्वजनिक उद्यम विभाग के साथ संयुक्त रूप से "सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की पुनर्संरचना–मुद्दे–सुधार और भावी रूप" विषय पर दो दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम।
11. 11 सितम्बर 1999 को कलकत्ता में "ई–कामर्स" पर एक दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
12. 18 सितम्बर 1999 को हैदराबाद में "ई–कामर्स" पर एक दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
13. 25 सितम्बर 1999 को बंगलौर में "ई–कामर्स" पर एक दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
14. 8–10 सितम्बर 1999 को "बौद्धिक सम्पदा अधिकार" पर सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
15. 30 अक्तूबर को चेन्नई में "ई–कामर्स" पर एक दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
16. 29–30 अक्तूबर 1999 को दिल्ली में जोखिम प्रबंधन और बीमा पर दो दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
17. 13 नवम्बर 1999 को दिल्ली में उद्यम संसाधन योजना (इ आर पी) पर एक दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
18. 27 नवम्बर को हैदराबाद में "डेरीएटिव्स" पर एक दिवसीय कार्यक्रम।
19. 9–11 दिसम्बर 1999 को नई दिल्ली में "अर्न्राष्ट्रीय व्यापार और साइबर विधि" विषय पर 27वां राष्ट्रीय सम्मेलन और चौथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन।
20. 7–9 फरवरी 2000 को ए एस सी आई के साथ संयुक्त रूप से "विलयन और अधिग्रहण" पर तीन दिवसीय कार्यक्रम।
21. 26 फरवरी 2000 को नई दिल्ली में "कम्पनी विधेयक और निगम शासन;; पर विचार गोष्ठी।
22. 28 फरवरी–2 मार्च 2000 को नई दिल्ली में "वैकल्पिक विवाद समाधान" विषय पर चार दिवसीय सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम

परिशिष्ट 'ख'

समितियां, विशेष समूह और सलाहकार बोर्ड
(मद सं. 3.3 का अनुबन्ध)

स्थायी समितियां

1. अनुशासन समिति

जे. श्रीधर, अध्यक्ष	चेयरमैन
ऐ. रामास्वामी	सदस्य
हरीश के. वैद	सदस्य

2. परीक्षा समिति

पी.वी.एस. जगन मोहन राव, उपाध्यक्ष	चेयरमैन
एस गंगोपाध्याय	सदस्य
पवन कुमार विजय	सदस्य

3. कार्यकारी समिति

जे. श्रीधर, अध्यक्ष	चेयरमैन
पी.वी.एस. जगन मोहन राव, उपाध्यक्ष	सदस्य
वीरेन्द्र गंडा	सदस्य
एस गंगोपाध्याय	सदस्य
ए. रामास्वामी	सदस्य

अन्य समितियां

4. व्यावसायिक विकास समिति

जे. श्रीधर, अध्यक्ष	चेयरमैन
बिपिन एस. आचार्य	सदस्य
के चन्द्रशेखरन	सदस्य
बी.पी. धुनका	सदस्य
वीरेन्द्र गंडा	सदस्य
वी. श्रीधरन	सदस्य
हरीश के. वैद	सदस्य

5. प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों की समिति

बिपिन एस आचार्य	चेयरमैन
बी.पी. धुनका	सदस्य
एस डी इसरानी (डॉ0)	सदस्य
वी श्रीधरन	सदस्य

6. प्रशिक्षण तथा शिक्षण सुविधा समिति

पी.वी.एस. जगन मोहन राव, उपाध्यक्ष	चेयरमैन
नैना आर देसाई (श्रीमती)	सदस्य
एस. गंगोपाध्याय	सदस्य
एस डी इसरानी (डॉ0)	सदस्य
कुमार डी. कापसी	सदस्य
एस. रामबद्रन	सदस्य
पवन कुमार विजय	सदस्य

7. सदस्यता–पश्च अर्हता पाठ्यक्रम समिति

पी.वी.एस. जगन मोहन राव, उपाध्यक्ष	चेयरमैन
एस. गंगोपाध्याय	सदस्य
पवन कुमार विजय	सदस्य

8. रोजगार–सहायता समिति

के चन्द्रशेखरन	चेयरमैन
कुमार डी. कापसी	सदस्य
पवन कुमार विजय	सदस्य

9. विनियम समिति

जे. श्रीधर, अध्यक्ष	चेयरमैन
बिपिन एस आचार्य	सदस्य
नैना आर देसाई (श्रीमती)	सदस्य
वीरेन्द्र गडा	सदस्य
एस. डी. इसरानी (डॉ0)	सदस्य
कुमार डी. कापसी	सदस्य
एस. रामबद्रन	सदस्य

10. समन्वय समिति

जे. श्रीधर, अध्यक्ष	चेयरमैन
पी.वी.एस. जगन मोहन राव, उपाध्यक्ष	सदस्य
बी. पी. धनुका	सदस्य
वीरेन्द्र गडा	सदस्य
एस.डी. इसरानी (डॉ0)	सदस्य
कुमार डी कापसी	सदस्य
पी एस शर्मा (डॉ0)	सदस्य

11. नौयडा भवन समिति

आर एन बंसल	चेयरमैन
गिरीश आहूजा	सदस्य
वीरेन्द्र गडा	सदस्य
एन.के. जैन	सदस्य
आर के. पांडे	सदस्य
हरीश के. वैद	सदस्य
एन. के. अग्रवाल, अपर सचिव, आई सी एस आई	सदस्य सचिव

पदेन सदस्य

जे. श्रीधर, अध्यक्ष, आई सी एस आई	
पी.वी.एस. जगन मोहन राव, उपाध्यक्षए आई सी एस आई	
एस पी नारंग (डॉ0), सचिव, आई सी एस आई	

12. सी सी आर टी प्रबंधन समिति

जे. श्रीधर, अध्यक्ष	चेयरमैन
पी वी एस. जगन मोहन राव, उपाध्यक्ष	सदस्य
नैना आर देसाई	सदस्य
वीरेन्द्र गडा	सदस्य
एसं. गंगोपाध्याय	सदस्य
एस.डी. इसरानी (डॉ0)	सदस्य
कुमार डी. कापसी	सदस्य
ए. रामास्वामी	सदस्य
एस पी नारंग (डॉ0), सचिव, आईसीएसआई	सदस्य
पद्माकर अस्थाना (डॉ0) डीन सी सी आर टी	सदस्य

13. कम्प्यूटर समिति

पवन कुमार विजय	चेयरमैन
के. चन्द्रशेखरन	सदस्य
कुमार डी. कापसी	सदस्य

14. चुनाव समिति

विपिन एस. आचार्य	चेयरमैन

15. संपादकीय सलाहकार बोर्ड

एस बालासुब्रह्मण्यम	चेयरमैन
बी.डी. बिशनोई	सदस्य
ज्योत्सना डीश (श्रीमती)	सदस्य
अनूप मिश्रा	सदस्य
यू.सी. नाहाटा	सदस्य
आर.के. पांडे	सदस्य
कल्याण रायपुरिया (डॉ0)	सदस्य
टी.आर. रूस्तगी	सदस्य
हरीश के. वैद	सदस्य
एस.के. वर्मा (प्रो.) (श्रीमती)	सदस्य
एस. पी. नारग (डॉ0) सचिव, आई.सी.एस.आई.	सदस्य सचिव

16. विशेष सलाहकार ग्रुप

आर.एन. बसल	चेयरमैन
यू.के चौधरी	सदस्य
अशोक छाबडा	सदस्य
नैना आर. देसाई (श्रीमती)	सदस्य
एस गगोपाध्याय	सदस्य
एस.डी. इसरानी (डॉ0)	सदस्य
आर. कृष्णन	सदस्य
एस.पी. नारग (डॉ0), सचिव, आई.सी.एस.आई.	सदस्य

17. सी.सी.आर.टी. सलाहकार बोर्ड

माननीय श्री जस्टिस	अवैतनिक
एम.एन वेंकटचलैय्या	चेयरमैन
एन.एल भाटिया	सदस्य
एस.एच. भोजानी	सदस्य
माननीय श्री जस्टिस अशोक ए देसाई	सदस्य
एन.वी. देशपाडे	सदस्य
जी.पी. गुप्ता	सदस्य
मोहिन्द्र एन. कौडा (प्रो0)	सदस्य
टी.एस. कृष्णामूर्ति	सदस्य
आर.ए. मशेलकर (डॉ0)	सदस्य
एन.एल. मित्रा (प्रो0)	सदस्य
राजन नन्दा	सदस्य
पी.वी नरसिम्हम	सदस्य
सी.आर. शाह	सदस्य
वी.एच. पण्डया	सदस्य
एन. विट्टल	सदस्य

पदेन सदस्य

जे. श्रीधर, अध्यक्ष
पी.वी.एस जगन मोहन राव, उपाध्यक्ष
एस.पी. नारग (डॉ0) सचिव, आई सी एस आई
पद्माकर अस्थाना (डॉ0), डीन सी सी आर टी

परिशिष्ट (ग)

वर्ष 1999–2000 के दौरान आयोजित

परीक्षा (मद सं. 9.1 का अनुबन्ध)

1 आगरा	2 अहमदाबाद	3 इलाहाबाद	4 अम्बाला शहर	5 बंगलौर	6 बडौदा
7 भोपाल	8 भुवनेश्वर	9 कलकत्ता	10 चण्डीगढ़	11 चेन्नई	12 कोयंबटूर
13 दिल्ली (पूर्व)	14 दिल्ली (उत्तर)	15 दिल्ली (दक्षिण)	16 दिल्ली (पश्चिम)	17 एरनाकुलम	18 गाजियाबाद
19 गुवाहाटी	20 हैदराबाद	21 इन्दौर	22 जयपुर	23 जम्मू	24 जमशेदपुर
25 जोधपुर	26 कानपुर	27 लखनऊ	28 लुधियाना	29 मदुरई	30 मंगलौर
31 मेरठ	32 मुंबई (सी)	33 मुंबई (एम)	34 मुंबई (वी पी)	35 मैसूर	36 नागपुर
37 नौयडा	38 पणजी	39 पटना	40 पाण्डिचेरी	41 पुणे	42 रायपुर
43 राजकोट	44 रांची	45 शिमला	46 तिरूवनंतपुरम	47 त्रिचुरापल्ली	48 उदयपुर
49 विजयवाड़ा	50 विशाखापत्तनम	51 यमुना नगर	52 विदेशी–केन्द्रः दुबई		

परिशिष्ट 'घ'

परीक्षा परिणामों के आंकड़े
(मद सं. 9.1 का अनुबन्ध)
जून 1999 का सत्र

परीक्षा–स्तर	परीक्षार्थियों की संख्या			उत्तीर्ण प्रतिशत
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	
फाउंडेशन	8030	6237	1086	17.41
इंटरमीडिएट*				
ग्रुप–1	17561	11107	1599	14.40
ग्रुप–2	16722	10680	1380	12.92
फाइनल**				
ग्रुप–1	3682	2579	796	30.86
ग्रुप–2	4325	2948	610	20.69

* इण्टरमीडिएट के दोनों ग्रुपों में 2421 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से दोनों ग्रुपों में 178 ने परीक्षा पास की (7.35 प्रतिशत)।

** फाइनल के दोनों ग्रुपों में 702 परीक्षार्थी बैठे जिनमें से दोनों ग्रुपों में कुल 105 ने परीक्षा पास की (14.96 प्रतिशत)।

दिसम्बर 1998 सत्र

परीक्षा–स्तर	परीक्षार्थियों की संख्या			उत्तीर्ण प्रतिशत
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	
फाउंडेशन	6609	5235	1179	22.52
इंटरमीडिएट*				
ग्रुप–1	17404	10681	2014	18.86
ग्रुप–2	15833	9828	1416	14.41
फाइनल**				
ग्रुप–1	4087	2910	1253	43.06
ग्रुप–2	4926	3423	724	21.15

* इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुपों में 2737 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से दोनों ग्रुपों में कुल 218 ने परीक्षा पास की (7.96 प्रतिशत)।

** फाइनल के दोनों ग्रुपों में 905 परीक्षार्थी बैठे जिनमें से दोनों ग्रुपों में कुल 173 ने परीक्षा पास की (19.12 प्रतिशत)।

परिशिष्ट 'ङ'

पश्च सदस्यता अर्हता परीक्षा का परिणाम
(बिन्दु सं. 8.2 का अनुबन्ध)
जून 1999

परीक्षा–स्तर	परीक्षार्थियों की संख्या			उत्तीर्ण प्रतिशत
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	
ग्रुप–1	23	09	00	0.00
ग्रुप–2	10	05	00	0.00

दोनों ग्रुपों मे 7 परीक्षार्थियों के नाम अंकित किए गए, जिनमे से 3 परीक्षार्थी दोनों ग्रुपों में बैठे और दोनों ग्रुपों में कोई परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित नहीं हुआ।

दिसम्बर 1999 सत्र

परीक्षा–स्तर	परीक्षार्थियों की संख्या			उत्तीर्ण प्रतिशत
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	
ग्रुप–1	24	11	02	18.18
ग्रुप–2	07	02	00	0.00

दोनों ग्रुपों में 6 परीक्षार्थियों के नाम अंकित किए गए, जिनमे से 1 परीक्षार्थी दोनों ग्रुपों में बैठा और दोनों ग्रुपो में कोई भी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित नहीं हुआ।

खन्ना एंड अन्नाधनम
चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स

706, आकशदीप, 26ए, बाराखम्बा रोड,

पो, आ, बाक्स नं0 648
नई दिल्ली – 110 001

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के 31 मार्च 2000 के संलग्न तुलन पत्र तथा इसके साथ संलग्न उसी तारीख को समाप्त वर्ष के आय और व्यय लेखे का परीक्षण भी किया है और हमारी रिपोर्ट इस प्रकार है:

(क) हमें वह सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त हो गए, जो हमें अपेक्षित जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए प्राप्त करने आवश्यक थे।

(ख) रिपोर्ट का संदर्भाधीन तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखे रखी गई लेखा पुस्तकों और रिकार्डों से मेल खाते हैं।

(ग) जिस हद तक आदेशात्मक लेखांकन मानकों का अनुपालन लागू होता है, तदनुसार तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखे तैयार किए गए हैं।

